# वेतन नहीं मिलने से आशा कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

▶ तिलमिलाती धूप में भी कार्य करने का यह अंजाम, समय पर वेतन नहीं



**बाग।** विगत तीन माह से वेतन नहीं मिलने से आशा,उषा,ओर आशा पर्यवेक्षक नाराज हैं और इसी के चलते सभी कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतर गय है ।जिसके चलते स्वास्थ के कार्य प्रभावित होंगे ।इसी को लेकर शनिवार को बाग ब्लॉक की समस्त आशा उषा कार्यकर्ता एवं आशा पर्यवेक्षक ने ब्लॉक मेडिकल आफिसर हरेसिह मुवेल को एक ज्ञापन सोपा गया जिसमें मांग की गई की लंबे समय से मानदेय लंबित होने कै कारण हम हमारे परिवार का भरण पौषण करना अत्यंत मुश्किल हो गया है ।उन्हें गंभीर और आर्थिक संकट का सामना इस घड़ी करना पड़ रहा है ।जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है ।बाग ब्लॉक संगठन की अध्यक्ष कमला बघेल ने बताया की तिलमिलाती धूप में हम लोग हर कार्य को बड़ी ईमानदारी से अंजाम दे रहै है उसके महिनों वेतन नहीं मिलेगा तो क्षैत्र में केसे काम कर पाएंगे जिसके लिए कहीं बार उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा चूके हैं ।हमारा पुरा संगठन अपने अपने स्तर पर ज्ञापन देकर वेतन समय पर लेने की मांग कर रहा है हमारे परिवार समाज में शादी ब्याह के कार्यक्रम चल रहे हैं एसी स्थिति में वेतन नहीं मिलेगा तो हम केसे इन खुशियों में शामिल हो पाएंगे इसी संदर्भ में हम सभी कार्यकर्ताओं द्वारा ब्लाक मेडिकल आफिसर को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सोपा गया है और जल्दी तीन माह का पुरा वेतन दिए जाने की मांग की है तभी हड़ताल से लौटते ओर कार्य को अंजाम दैगे ।

**स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा असर**

इधर आशा उषा कार्यकर्ता एवं आशा पर्यवेक्षक के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतर जाने से क्षैत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी असर पड़ेगा क्योंकी ये लोग ग्रामीण क्षैत्रो में जाकर ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरुक करते हैं ।ओर उन्हें हास्पिटल तक लेकर आते हे उनके स्वास्थ की देखरेख करना एसे कहीं कार्य हे जो स्वास्थ्य संबंधित इनके हड़ताल पर उतर जाने से ये व्यवस्था गड़बड़ा जाएगी शासन को इस पर निर्णय लेकर जल्दी वेतन देना चाहिए इस दोरान संगठन की जीना कटारे सचिव, लक्ष्मी सिसोदिया सचिव,सुन्दरबाई कनस,रेलमबाई, दूरबाई, कलाबाई, अंतुबाई,शर्मीला, सीता बाई,किरण बाई आदि बडी संख्या में आशा,उषा कार्यकर्ता एवं आशा पर्यवेक्षक उपस्थित रहीं ।

# युवाओं को मिली जैन जीवन मूल्यों की शिक्षा

**मनावर। तेजी से बदलते आधुनिक दौर और पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के बीच युवाओं को संस्कारों एवं धार्मिक मूल्यों से जोड़ने हेतु बदनावर में छह दिवसीय संस्कार शिविर का आयोजन किया गया ।मनावर नगर के ब'चों ने भी की सहभागिता 17 मई को शिविर का समापन हुआ 7**



इस शिविर में 12 से 22 वर्ष आयु वर्ग के ब'चो ने भाग लिया ।शिविर का संचालन आचार्य उमेशमुनिजी म.सा. के सुशिष्य बुद्धपुत्र जिनेन्द्रमुनिजी म.सा. की प्रेरणा से हुआ । शिविर में पू'य मुनिराज धर्मेन्द्रमुनि, संदीपमुनि, अभयमुनि, जयंतमुनि सहित ठाणा 8 एवं महासती मधुबालाजी, सुनीताजी सहित ठाणा 6 के सानिध्य में ब'चों को जैन धर्म के मूल सिद्धांतों, नवकार महामंत्र, सामयिक आराधना तथा जीव दया का अभ्यास कराया गया । प्रत्येक शिविरार्थी के लिए रायसी व देवसिय प्रतिक्रमण तथा नौ सामयिक अनिवार्य थी ।सुबह धार्मिक प्रवचनों के बाद ध्यान-योग, प्राणायाम, क्रोध नियंत्रण, आत्मनियंत्रण, शब्दों की मर्यादा एवं साधु जीवन के महत्व जैसे विषयों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गये। ब'चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सामूहिकता की भावना विकसित करने हेतु खेल व मनोरंजक गतिविधियां भी कराई गई 7 क्रिकेट स्पर्धा मे मनावर श्रीसंघ के आदिश नवलखा की कप्तानी मे मनावर टीम उपविजेता बनी व नगर का नाम गौरवान्वित किया 7 मनावर श्रीसंघ अध्यक्ष प्रवीण खटोड व संघ सहसचिव आकेश दीपिका नवलखा भी समापन समारोह मे उपस्थित थे 7 मनावर नगर से आदिश नवलखा, आदित्य नवलखा, आरव खटोड, तनिष्क जैन, कल्प नवलखा और अथर्व काकरेचा ने भीषण गर्मी मे भी समभाव से शिवीर मे भाग लिया व धार्मिक ज्ञान संस्कार अर्जित किये 7 ब'चों के संस्कार शिवीर मे छः दिन मोबाईल का पूर्ण त्याग, संवर आदि त्याग किये।

## एक नजर में

### बैठक आयोजित

**बदनावर।** विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी द्वारा मध्य प्रदेश कांग्रेस संगठन के निर्देशानुसार सभी तीनों ब्लॉक जिसमें कानवन ब्लॉक की संगठनात्मक बैठक 16 मई को 11:00 बजे संतोषी माता धर्मशाला कानवन ब्लॉक एवं केसुर ब्लॉक संगठन की बैठक 5:00बजे होटल मनासा मिडवे पर रखी गई है ।उपरोक्त क्रम में बदनावर ब्लॉक की संगठनात्मक बैठक रिविवार को 11:00 बजे विधायक कार्यालय पर रखी गई है। उपरोक्त सभी बैठक में बदनावर विधायक भंवर सिंह शेखावत, विधानसभा प्रभारी राकेश अहीर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह पटेल, हरि नारायण सिंह पवार ,जिला संगठन महामंत्री परितोषी सिंह बंजी बना आदि के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी एवं संगठन को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश प्रदान करेंगे।उपरोक्त जानकारी नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश होती ने दी।

### बदनावर तहसील के कई गांवों में गहराया पेयजल संकट

**बदनावर।** तहसील के कई ग्रामों में इन दिनों भीषण पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। कई ग्राम पंचायतों में हैंडपंप एवं अन्य जल स्रोत बंद होने की स्थिति में हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को खेतों एवं दूरस्थ स्थानों से पानी लाना पड़ रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को विशेष परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जल संसाधन प्रबंधन विभाग से मांग की है कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए बदनावर तहसील की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 2-2 ट्यूबवेल स्वीकृत किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में जल संकट और अधिक गंभीर हो सकता है। अत: संबंधित विभाग एवं प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की गई है।

### मेघनगर में लगा सर्व रोग निदान शिविर, 140 से अधिक मरीज पहुंचे



**मेघनगर।** रविवार को वेश्य यहां सभा व सक्ल जैन ग्रुप द्वारा स्थानीय महावीर भवन पर नि शुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया सुबह से मेघनगर सहित आस पास के मरीजों ने पहुंचकर आयोजित शिविर का लाभ लिया बड़ोदा के समन्वय होस्पीटल की पुरी टिम ने डा भावेश पटेल के नेतृत्व में मेघनगर पहुंचकर अपनी सेवा दि आयोजकों द्वारा नि शुल्क जांच के साथ साथ दवाईयां ओर भोजन भी नि शुल्क दिया आयोजित शिविर शाम 5 बजे तक चला जिस में 140 से अधिक मरीजो ने पहुंचकर शिविर का लाभ लिया मेघनगर के सेवा भावी लोगों ने भी पहुंच अपनी सेवा दि और बड़ोदा की टिम का आभार व्यक्त किया।

### बाकानेर बीजे एस चैप्टर द्वारा मनाया मातृत्व दिवस

**बाकानेर।** बि जे एस फाउंडेशन प्रोग्राम के तहत बाकानेर बि जे एस चैप्टर द्वारा जैन



संत निवास मे मातृत्व दिवस मनाया गया. आयोजन मे समाज की समस्त वरिष्ठ वरिष्ठ महिलाओं का समस्त कार्यकारिणी द्वारा सम्मान कर सुन्दर भावो की अभिव्यक्ति कर वरिष्ठजन का आशीर्वाद लिया श्रीमती राखी एवं अंजलि जैन द्वारा सन्देशात्मक नाटिका प्रस्तुति को सभी ने बहुत सराहना बि जे एस बाकानेर चैप्टर अध्यक्ष श्रीमती चंचल बड़जात्या ने बताया यह आयोजन निमाड़ संभाग अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र बोहरा एवं संभाग सचिव श्रीमती बरखा बड़जात्या के मार्गदर्शन मे सम्पन हुआ, एवं आपने आयोजन की सफलता के श्रेय समस्त बि जे एस कार्यकारिणी बाकानेर को दिया एवं सभी उपस्थिति जन का आभार व्यक्त किया .सचिव अंकित जैन ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई प्रेषित करी .सभी कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती सीमा बड़जात्या ,टीना रावंका, पूजा रावका, सपना रांवका ,शिल्पी छावडा, सुरभि जैन ,पल्लवी गोधा ऐना गोधा, प्रिया बड़जात्या , शिवानी जैन ,रुपाली गंगवाल , शीतल काला,करुणा रावंका, प्रियंका गोघा नम्रता जैन कीआयोजन मे सक्रिय भूमिका रही आयोजन की जानकारी श्रीमती राखी जैन ने दी .

### बदनावर कांग्रेस संगठन बैठक

**बदनावर।** रविवार को बदनावर ब्लॉक /नगर के कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निरंजन सिंह पवार पवार/ मुकेश होती के नेतृत्व में मंडलम अध्यक्षों एवं ब्लॉक कांग्रेस /शहर कमेटी के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा प्रभारी राकेश अहीर, वरिष्ठ नेता हरिनारायण सिंह जी पवार , पवन जी जैन (स्वतंत्रता सेनानी परिवार) जिला महामंत्री श्री परितोष सिंह राठौर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अभिषेक टल्ला मोदी, सेवादल जिला अध्यक्ष जितेंद्र जोशी, विधायक प्रतिनिधि , निर्मल वर्मा, संदीप महेश्वरी, घनश्याम जाट,प्रकाश निनामा, अशोक भूरिया, मुख्तियार अली, बद्री लाल पाटीदार, पप्पू गांधी, महेश मुकाती, रईस कुरैशी, भेरूलाल वसुनिया,अब्दुल खालिद बादशाह, सेरम भाई, नाजिम भाई, सुरेश राठौड़,धनपाल सिंह सुरेश सिंह पवार, निलेश शर्मा ,राजेश कश्यप,निर्भय सिंह, लाखन सिंह पवार, दुर्लभ धाकड़, सुरेश माली, गोविंद सिंह, रमेश दुबई, पर्वत सिंह, पंकज काबरा, उपस्थित थे सभी वरिष्ठ नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार रहने के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा भी की गई। विधानसभा प्रभारी राकेश अहीर ने सभी कार्यकर्ताओं से अलग-अलग मुलाकात की संचालन विधायक प्रतिनिधि देवपाल सिंह जादव ने किया,आभार कैलाश गुप्ता ने माना।

# आबादी वाले इलाके से अवैध पटाखों का बड़ा जखीरा जब्त

**आलीराजपुर। कोतवाली पुलिस ने आबादी वाले इलाक़े से बिना लाइसेंस रखे गए बड़ी मात्रा में पटाखों का जखीरा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल व एसडीओपी अनुभाग अलीराजपुर अश्वनी कुमार के दिशा-निर्देशन में हुयी।**




मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तेज़ी से दबिश दी। थाना कोतवाली के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए मकान की सघन तलाशी ली। तलाशी के दौरान मौके पर एक व्यक्ति मिला जिसने अपना नाम नितेश पुत्र संजय गुप्ता, निवासी मौलाना आजाद मार्ग बताया। घर के एक कमरे से खाकी रंग के 15 कार्टून और एक सफेद थैली बरामद की गई, जिन्हें खोलकर जाँचा गया तो उनमें फुलझड़ियाँ, एटम बम, रस्सी बम और अन्य आतिशबाज़ी सामग्री पायी गयी।

पुलिस के अनुसार जब्त पटाखों का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग ?1,18,180/- है। आरोपी से वैध लाइसेंस या किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत कराने पर वह नाकाम रहा। रिहायशी इलाके में बिना अनुमति के विस्फोटक सामग्री रखने पर मामला भारतीय दंड संहिता की धाराओं 287, 125, 288 तथा विस्फोटक अधिनियम, 1884 की धारा 5/9बी के अंतर्गत गंभीर अपराध मानते हुए थाना कोतवाली अलीराजपुर में अपराध संख्या 215/2026 दर्ज की गयी है और प्रकरण की जाँच प्रारम्भ की गयी है।

इस त्वरित और सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू सिटोले, उपनिरीक्षक जयराम वसुनिया, सहायक उपनिरीक्षक जयेन्द्र नायक व रामकुमार यादव तथा प्रधान आरक्षक हनुमंत (104), प्रताप (90) और आरक्षक संजय (374), सुमित (297) व गंगाराम (475) का विशेष योगदान रहा, जिनके समन्वय एवं तत्परता के कारण बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय थाने को दें। जिला प्रशासन और पुलिस साथ मिलकर त्योहारों के दौरान व अन्य समयों में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहेंगे और अवैध रूप से पटाखों के भंडारण व बिक्री पर सख्त कार्रवाई जारी रखेंगे।

# नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन किया

**बदनावर.** गत दिवस को कानवन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जी गोयल के नेतृत्व में मंडलम अध्यक्षों एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, विधानसभा प्रभारी राकेश अहीरवार, संगठन महामंत्री श्री परितोष सिंह राठौर, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्री कमल सिंह पटेल तथा विधायक श्री भंवर सिंह शेखावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार रहने के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा भी की गई। बैठक के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशभर में सामने आए हश्वश्वञ्ज परीक्षा पेपर लीक एवं शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री 'धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। इसके साथ ही महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि शिक्षा मंत्री से तत्काल इस्तीफ़ा लिया जाए तथा पेपर लीक में शामिल सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष राजेश पवार, जिला सेवा दल अध्यक्ष जितेन्द्र जोशी, शरद सिंह सिसोदिया, अग्निहोत्री, बाबूलाल जाट, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष चंदन भूरिया,सोनू जाट अभिषेक पाटीदार , आत्माराम जाट, अभय लाला,जगदीश बना सनौली,ईश्वर सिंग भातबमंदा चंदन भूरिया यश मोदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नेता उपस्थित रहे।संचालन राजेश राठौड़ ने किया।

# लायंस जगत में नेतृत्व का नया सूर्योदय, लायन अनिल शर्मा संभालेंगे तीन जिलों की कमान

**पेटलावद।** मानवता की सेवा और संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के मार्ग पर एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयप्रकाश त्रिपाठी ने अपनी दूरदर्शी दृष्टि और अटूट सांगठनिक विश्वास के साथ लायंस क्लब पेटलावद ग्रेटर के संस्थापक अध्यक्ष, समाजसेवी लायन अनिल शर्मा को सेवा सत्र 2026-27 के लिए 'रीजन चेयरपर्सन' के गरिमामयी पद पर मनोनीत किया है।

**तीन जिलों के 'प्रशासनिक संवाहक' का दायित्व :** इस महत्वपूर्ण घोषणा के पश्चात, लायन अनिल शर्मा अब धार, झाबुआ और अलीराजपुर जिलों के समस्त लायंस क्लबों के 'वैचारिक सारथी' और 'संस्थागत मार्गदर्शक' के रूप में सेवा का नेतृत्व करेंगे। यह मनोनयन केवल एक प्रशासनिक पद का अलंकरण नहीं है, बल्कि इन अंचलों में लायनिज्म की गतिविधियों को नई चेतना, अनुशासन और ऊर्जा प्रदान करने का एक गंभीर संकल्प है।



**अनुभव की प्रखरता और भविष्यगामी दृष्टिकोण :** लायन अनिल शर्मा का यह चयन संगठन के भीतर उनके दीर्घकालिक अनुभवों और ज़मीनी स्तर पर कार्य करने की उनकी अद्भुत क्षमता का परिचायक है। आगामी सत्र में वे न केवल प्रशासनिक तालमेल बिठाएंगे, बल्कि क्लबों के मध्य एक ऐसी कार्यप्रणाली विकसित करेंगे जहाँ 'सेवा' मात्र औपचारिकता न रहकर एक जीवंत आंदोलन का रूप ले सके। धार, झाबुआ और अलीराजपुर की भौगोलिक विविधताओं को समझते हुए, उनके मार्गदर्शन में होने वाले प्रकल्प अब और अधिक प्रभावी और जन-केंद्रित होंगे, जिससे लायंस क्लब की साख और सेवा का विस्तार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सुनिश्चित हो सकेगा।

**संकल्पित स्वर**

अपने मनोनयन पर आभार व्यक्त करते हुए लायन अनिल शर्मा ने कहा— 'आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयप्रकाश त्रिपाठी जी द्वारा मुझ पर जताया गया यह विश्वास मेरे लिए सेवा का एक पवित्र 'अनुष्ठान' है। पद प्रतिष्ठा का नहीं, अपितु समर्पण का पर्याय होता है। मेरा प्रयास रहेगा कि धार, झाबुआ और अलीराजपुर के सभी क्लब एक सूत्र में बंधकर मानवीय संवेदनाओं के नए प्रतिमान स्थापित करें। हम प्रशासनिक अनुशासन और निस्वार्थ सेवा के समन्वय से इस सत्र को ऐतिहासिक बनाएंगे।

# महाराणा प्रताप जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन, शौर्य यात्रा रही आकर्षण का केंद्र

**आलीराजपुर।** स्थानीय असाड़ा राजपूत समाज द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती महोत्सव का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति के सम्मान, शिक्षा एवं संस्कारों को समाज की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए समाज को संगठित एवं शिक्षित बनाने पर जोर दिया गया।




मुख्य अतिथि सहेंद्रसिंह दीक्षित ने कहा कि मातृशक्ति परिवार, समाज एवं राष्ट्र का गौरव होती है तथा उनका सम्मान और सशक्तिकरण ही समाज की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को शिक्षा एवं संस्कारों से सशक्त बनाना समाज और राष्ट्र के विकास के लिए आवश्यक है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील सिंह उमठ ने कहा कि राजपूतों का इतिहास त्याग, शौर्य और बलिदान की अमर गाथाओं से भरा हुआ है। महाराणा प्रताप का जीवन स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और संघर्ष का प्रतीक है, जिससे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। समाज अध्यक्ष मानेंद्रसिंह गेहलोत ने युवाओं को शिक्षा, संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने तथा समाजहित में आपसी सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं रिंकेश सिंह तंवर ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्र एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित रहा, जिससे समाज को प्रेरणा लेकर एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

मीडिया संयोजक उमेशसिंह कछवाहा वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान एवं महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद महाराणा प्रताप भवन से भव्य शौर्य यात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुन: समाज भवन पहुंची।शौर्य यात्रा में देशभक्ति गीत, जयकारे, केसरिया ध्वज एवं घुड़सवार दल आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक राजपूताना वेशभूषा में शामिल महिला एवं पुरुषों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। बच्चों द्वारा तलवारबाजी एवं शौर्य कला का प्रदर्शन भी किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की।

**एक नजर** ▶ पप्पू भैया मित्र मंडल ने किया सम्मान

# फुटतालाब सनातन महाकुंभ का ऐतिहासिक समापन, दूर-दूर से पहुंचे हजारों लोग

**मेघनगर. मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्रीवनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर पर 10 मई से पँडित कमल किशोर नागर के श्रीमुख से प्रारंभ हुए श्रीमद भागवत कथा सप्ताह का 16 मई को सनातन महाकुंभ के रूप में ऐतिहासिक और भावनात्मक विश्राम हो गया।**

**पिछले 7 दिनों में भीषण गर्मी के बावजूद सनातन धर्म को मानने वाले श्रद्धालु सुदूर अंचलों से प्रसिद्ध तीर्थ स्थल फुटतालाब पहुँचे यहाँ पहुंचकर लोगों ने जहां हनुमान जी के दर्शन कर श्रद्धा से उनको शीश नवाया।**





वही प्रसिद्ध संत और मालवा की माटी के सपूत पंडित कमल किशोर नागर जी को सुनने के लिए एकाग्रता और अनुशासन के साथ भारत की सनातन संस्कृति के अटूट और धार्मिक रेखांकन को प्रस्तुत किया.... आयोजन में मध्य प्रदेश के झाबुआ रतलाम उज्जैन बडवानी और धार जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिले आलीराजपुर गुजरात और राजस्थान से भी लोग पं. श्रीनागर को सुनने के लिए पहुँचे । आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य और प्रदेश के समाजसेवी सुरेश चंद्र पूरणमल जैन और राजेश रिंकू जैन द्वारा श्रद्धालुओं को कथा श्रवण स्थल तक पहुंचाने के लिए निशुल्क बसों की व्यवस्थाएं की थी वहीं कथा सुनने में लोगों को सुगमता हो इसके लिए शीतल जल और अन्य व्यवस्थाओं को भी सुनिश्चित किया था ।पंडित कमल किशोर नागर जी द्वारा गाए गए भजनों पर लोग सुध बुध खोकर भक्ति रस में नृत्य करते हुए दिखाई दिए वहीं जिले के सरपंचों और पंचों के साथ-साथ जिले के लगभग सभी जनप्रतिनिधियों का उत्साह भी इस कथा में दिखाई दिया । इसके अतिरिक्त जिले के सांस्कृतिक धार्मिक और खेल से जुड़े संगठनों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिदिन कथा में पहुँचकर कथा सुनी. मंदिर के बहन से दिलीप दास जी महाराज श्री रामदास जी त्यागी टाट वाले बाबा और आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य सुरेश चंद्र पूरणमल जैन राजेश रिंकू जैन जैकी जैन ,सीमा सुरेश जैन, नीता राजेश जैन, पूजा जैन, अंतिम बाला जैन पूर्वा जैन, हार्दिक कोठारी, हितेश चोरडि,या अर्चित जैन ने प्रतिदिन यहां पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ-साथ संत पंडित श्री कमल किशोर नागर जी का भी हृदय से आभार व्यक्त किया।

जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित कमल किशोर नागर जी जैसे बड़े संत ने फुटतालाब में अपनी कथा के लिए समय दिया इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। कथा के विश्राम दिवस पर पंडित कमल किशोर नागर जी ने भी उपस्थित जनसमूह से अपने जीवन में कथा के विचारों को उतारने का आग्रह किया। उन्होंने कहा की श्रीमद् भागवत कथा लोगों को जीवन जीने का आचरण सिखाती है मातापिता और पुत्र के रिश्ते के साथ-साथ सामाजिक रिश्ते और धर्म कर्म के कामों में लगे रहने के लिए मनुष्य को प्रेरित करती है और प्रवचनों का अनुसरण करते हुए अपने जीवन को सफल बनाएंगे.... पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में धर्म की अलख जगा कर सनातन संस्कृति को मजबूत बनाने वाले क्षेत्र के प्रमुख आधार स्तंभ और मध्य प्रदेश के वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश चंद्र पूरणमल जैन और राजेश रिंकू जैन का पप्पू भैया मित्र ने मंडल अभिनंदन और स्वागत किया । इस अवसर पर पप्पू भैया मित्र मंडल के वरिष्ठ सदस्य हरिराम गिरधानी आनंदीलाल पडियार देवेंद्र जैन दिनेश बैरागी और बहादुर हाडा ने प्रतीक चिन्ह देकर जैन को सम्मानित किया ।पप्पू भैया मित्र मंडल के सदस्यों ने चर्चा के दौरान बताया कि मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री वनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर को आस्था का केंद्र बनाने और यहां पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों को करवाने के लिए जैन और उनके परिवार की जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी।